फैक्स / स्पीड पोस्ट

सं0: 158 / 54 / ई0–1 / डी०पी०सी० / 2015–16

प्रेषक,

सचिव,
उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
हरिद्वार।

सेवा में,

सचिव,
उत्तराखण्ड शासन,
वन एवं पर्यावरण विभाग (अनुभाग–1),
देहरादून।

हरिद्वार : दिनांक 20 अगस्त, 2016

विषयः–वन विभाग के अन्तर्गत राज्य वन सेवा संवर्ग में सहायक वन संरक्षक के प्रोन्नति प्रभाग के रिक्त पदों पर प्रोन्नति द्वारा चयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–1810 / X–1–2016–14(80) / 2014 दिनांक 02 अगस्त, 2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वन एवं पर्यावरण विभाग के अन्तर्गत राज्य वन सेवा संवर्ग में वन क्षेत्राधिकारी से सहायक वन संरक्षक के पद पर चयन वर्ष 2013–14 की रोकी गयी 01 रिक्ति के सम्बन्ध में श्री कोमल सिंह के प्रत्यावेदन निस्तारण के अभिलेख उपलब्ध कराये गये हैं। इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में विचार करने हेतु **चयन समिति की बैठक दि0 29.08.2016 को पूर्वाह्न 11:00 बजे, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में नियत की गयी है।**

यह अवगत कराना है कि चयन समिति के लिए उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग सपरामर्श चयनोन्नति (प्रक्रिया) नियमावली–2003 के नियम–11 के अनुसार शासन प्रतिनिधि, जो कि अपर सचिव पद से कम स्तर के न हों तथा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में विभागाध्यक्ष को नामित किया जाना आवश्यक है।

यह उल्लेख करना है कि पात्र कार्मिकों के सेवा अभिलेख, यथा वार्षिक चरित्र प्रविष्टियाँ इत्यादि मूलरूप में अभिलेखों से मिलान करने के लिए विभाग के विज्ञ अधिकारी के साथ दिनाँक 27.08.2016 को उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। अभिलेखों के परीक्षण करने के पश्चात मूल अभिलेख चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जायेंगे।

अतः अनुरोध है कि कृपया नामित अधिकारीगण को चयन समिति की बैठक **दिनाँक 29 अगस्त, 2016 के पूर्वाह्न 11.00 बजे** में प्रतिभाग करने की सूचना प्रदान करते हुए, नामित सदस्यों के नाम, पदनाम व दूरभाष की सूचना अधोहस्ताक्षरी को ***फैक्स संख्या (01334–244282)*** पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(एस0एन0 पाण्डे),
सचिव।

संख्याः 158 / 54 / ई0–1 / डी०पी०सी० / 2015–16 तद्दिनाँक।

प्रतिलिपिः– मुख्य वन संरक्षक, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(एस0एन0 पाण्डे),
सचिव। 20.08.2016